आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 मंगलवार 23.04.2024

मुख्य समाचारः–

1– भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज धमतरी और सक्ती में आमसभाओं को किया संबोधित–कहा कि नक्सलवाद को जड़ से समाप्त करके रहेंगे।

2– लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत राजनांदगांव, महासमुंद और कांकेर संसदीय क्षेत्रों में कल शाम थम जाएगा चुनाव प्रचार–छब्बीस अप्रैल को डाले जाएंगे वोट।

3– राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मु ने नारायणपुर जिले के छोटेडोंगर निवासी वैद्यराज हेमचंद मांझी को पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया।

4– आगामी चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश में एक–दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना।

प्रधानमंत्री–सक्ती सभा–01

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत धमतरी नगर में आमसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद भ्रष्टाचार के साथ ही नक्सली हिंसा पर भी काबू पाया गया है। श्री मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद अब तेजी से कम हो रहा है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि नक्सलवाद को जड़ से समाप्त करके रहेंगे। श्री मोदी ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ के विकास के लिए अनेक कदम उठाए गए हैं। राज्य में रेल, सिंचाई और इंटरनेट कनेक्टिविटी का तेजी से विस्तार किया जाएगा। इस मौके पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव, कांकेर लोससभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग, महासमुंद की प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी और रायपुर संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल सहित वरिष्ठ भाजपा नेता उपस्थित थे।

इससे पहले, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जांजगीर–चाम्पा लोकसभा क्षेत्र के सक्ती जिले के ग्राम जेठा में भी आमसभा को संबोधित किया। श्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस यह दुष्प्रचार करती रहती है कि भाजपा संविधान बदल देगी या आरक्षण खत्म कर देगी। उन्होंने लोगों को विश्वास दिलाया कि कोई भी देश का संविधान नहीं बदल सकता। श्री मोदी ने कहा कि आजादी के बाद से कांग्रेस तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति करती रही। लेकिन, भारतीय जनता पार्टी, सबका साथ–सबका विकास के मंत्र पर चलने वाली पार्टी है। उन्होंने कहा कि भाजपा की प्राथमिकता गरीब, युवा, महिला और किसानों का कल्याण है।

प्रधानमंत्री–सक्ती सभा–02

श्री मोदी ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार खेती में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने में जुटी हुई है। ड्रोन जैसी आधुनिक तकनीक से खेती की लागत कम होगी और इस ड्रोन क्रांति का नेतृत्व महिलाएं करेंगी। इसके लिए महिलाओं को ड्रोन पायलट की ट्रेनिंग दी जा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार का लक्ष्य तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का है। इससे स्व–सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को सीधा लाभ पहुंचेगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी, सांसद गुहाराम अजगले, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता, जांजगीर–चांपा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कमलेश जांगड़े सहित कार्यकर्ता और बारह विधानसभा क्षेत्रों के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

अपने दो दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री श्री मोदी आज शाम रायपुर स्थित राजभवन में रात्रि विश्राम करेंगे। इसके बाद वे कल सुबह अंबिकापुर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत अंबिकापुर नगर में आमसभा को संबोधित करेंगे।

इस बीच, प्रदेश में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के तहत भाजपा और कांग्रेस सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारकों की सभाएं और रैलियां जारी है। इसी कड़ी में भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय छब्बीस अप्रैल को जांजगीर–चांपा जिले के ग्राम पहरिया में सभा लेंगे। वहीं, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे अट्ठाईस अप्रैल को जांजगीर–चांपा जिले के शिवरीनारायण में पार्टी प्रत्याशी डॉक्टर शिव डहरिया के समर्थन में आमसभा को संबोधित करेंगे।

दूसरा चरण–मतदान

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत राजनांदगांव, महासमुंद और कांकेर संसदीय क्षेत्रों में कल शाम चुनाव प्रचार थम जाएगा। इसके बाद प्रत्याशी घर–घर जाकर जनसंपर्क कर सकेंगे। इन तीनों लोकसभा क्षेत्रों में तीन महिला सहित इकतालीस उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इनमें प्रमुख रूप से राजनांदगांव लोकसभा संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को और भाजपा ने संतोष पांडेय को चुनाव मैदान में उतारा है। वहीं, महासमुंद लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के ताम्रध्वज साहू और भाजपा से रूपकुमारी चौधरी चुनाव लड़ रही है। इसी तरह, कांकेर संसदीय क्षेत्र से भाजपा से भोजराज नाग और कांग्रेस से बीरेश ठाकुर चुनाव मैदान में हैं।

दूसरे चरण के तहत राजनांदगांव, महासमुंद और कांकेर निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाताओं की कुल संख्या बावन लाख चौरासी हजार नौ सौ अड़तीस है। इनमें पुरूष मतदाताओं की संख्या छब्बीस लाख पांच हजार तीन सौ पचास और महिला मतदाताओं की संख्या छब्बीस लाख उनयासी हजार पांच सौ अट्ठाईस है। वहीं, तृतीय लिंग के साठ मतदाता हैं। इसके अलावा दिव्यांग मतदाताओं की संख्या इंक्यावन हजार तीन सौ छह है। दूसरे चरण के मतदान के लिए छह हजार पांच सौ सड़सठ मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें दो सहायक मतदान केन्द्र भी शामिल हैं। वहीं, संवेदनशील मतदान केन्द्रों की संख्या चार सौ अंठावन है। इसके अलावा पचपन मतदान केन्द्रों को दूसरे स्थानों पर शिफ्ट किया गया है। गौरतलब है कि इन संसदीय क्षेत्रों में छब्बीस अप्रैल को मतदान होगा।

हेमचंद मांझी–पद्मश्री

राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मु ने कल राष्ट्रपति भवन में नारायणपुर जिले के छोटेडोंगर निवासी प्रख्यात वैद्यराज हेमचंद मांझी को पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया। पद्मश्री से सम्मानित किए जाने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने श्री मांझी को शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में श्री साय ने कहा कि करीब पांच दशकों से बस्तर सहित पूरे छत्तीसगढ़ के ग्रामीणों को प्राकृतिक और किफायती स्वास्थ्य सेवा प्रदान कर रहे श्री मांझी का ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में निःस्वार्थ सेवाभाव हम सबके लिए प्रेरणादायक और अनुकरणीय है।

कांकेर मुठभेड़–अपडेट

कांकेर जिले के छोटेबेठिया थाना क्षेत्र के कलपर–हापाटोला के जंगल में बीते सोलह अप्रैल को हुई मुठभेड़ में मारे गए सभी उनतीस माओवादियों की शिनाख्त हो गई है। इन पर एक करोड़ अटहत्तर लाख रूपये का इनाम घोषित था। इनमें से सत्रह माओवादियों पर आठ–आठ लाख, पांच माओवादियों पर पांच–पांच लाख और एक माओवादी पर दस लाख रूपये का इनाम घोषित था। वहीं, पांच माओवादियों पर एक–एक लाख और एक माओवादी पर दो

लाख रूपये का इनाम घोषित किया गया था। इन माओवादियों के पास से सात लाख पचपन हजार रूपये के हथियार भी बरामद किए गए हैं।

कांग्रेस–पत्रकारवार्ता

राज्यसभा सदस्य और कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री रंजीत रंजन ने आज रायपुर के कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित पत्रकारवार्ता में कहा कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पांच न्याय योजना लेकर आई है और केन्द्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर उसे पूरा किया जायेग। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सिर्फ वादा नहीं करती, बल्कि उसे पूरा भी करती है।

इससे पहले, महासमुंद में आयोजित पत्रकारवार्ता में श्रीमती रंजन ने कहा कि पिछले दस सालों के दौरान देश में बेरोजगारी चरम पर है। उन्होंने कहा कि केन्द्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर युवाओं को रोजगार दिया जाएगा। वहीं, महालक्ष्मी योजना के तहत महिलाओं को एक लाख रूपये प्रतिवर्ष दिए जाएंगे। श्रीमती रंजन ने कहा कि कांग्रेस, किसानों की आमदनी को दोगुना करने के साथ ही मनरेगा की राशि बढ़ाएगी। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने लोगों से वादाखिलाफी की है, इसलिए लोगों का भाजपा से भरोसा उठ गया है।

भाजपा–प्रवेश

सक्ती की पूर्व विधायक सरोजा राठौर और उनके पति वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनहरण राठौर, भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए हैं। सक्ती में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा के चुनाव प्रभारी नितिन नबीन ने पार्टी प्रवेश करने पर उनका स्वागत किया। इस मौके पर वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी, भाजपा के लोकसभा प्रभारी गौरीशंकर अग्रवाल, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल सहित वरिष्ठ भाजपा नेता मौजूद थे।

हनुमान जन्मोत्सव

हनुमान जन्मोत्सव आज छत्तीसगढ़ सहित देशभर में पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। हनुमान जयंती चैत्र महीने की पूर्णिमा को मनाई जाती है। इस अवसर पर देशभर के हनुमान मंदिरों में आज सुबह से विशेष पूजा–अर्चना के साथ अनुष्ठान और भंडारे के आयोजन किए जा रहे हैं।

हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर आज राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के सभी हनुमान मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतार देखी गई। वहीं, विभिन्न स्थानों पर सुंदरकांड और अखंड रामायण पाठ सहित अन्य धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। इस अवसर पर कई स्थानों पर शोभायात्रा भी निकाली गई।

चिकटराज मंदिर–मेला

बीजापुर जिले में स्थित आराध्य देव चिकटराज मंदिर में तीन दिवसीय मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में शामिल होने बस्तर सहित पड़ोसी राज्यों के लोग आकर पूजा–अर्चना करते हैं। इस अवसर पर जिला कलेक्टर अनुराग पांडेय ने कोषालय में पूजा–अर्चना कर जिले के लोगों की सुख–समृद्धि और शांति की कामना की। जिला मुख्यालय में विराजमान चिकटराज देव जो न सिर्फ बीजापुर के आराध्य है, बल्कि वर्ष में एक बार वार्षिक अनुष्ठान के दौरान अंचलवासियों को दर्शन देते हैं। ऐसी मान्यता है तीन दिवसीय वार्षिक अनुष्ठान के दौरान चिकटराज देव नगर के तहसील कार्यालय भी पहुंचते हैं। चिकटराज मंदिर में आयोजित मेले में देवी–देवताओं के प्रतीक चिन्ह के साथ ग्रामीण पहुंचे।

__ट्रेन परिचालन__

दक्षिण मध्य रेलवे के सिकंदराबाद मंडल में तीसरी रेललाइन में नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य किया जाएगा। इसके कारण इस मार्ग पर अट्ठाईस अप्रैल से बाईस मई तक कुछ ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा। इनमें कोरबा–कोचुवेलि एक्सप्रेस शामिल हैं। वहीं, विशाखापटनम–नई दिल्ली एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग विशाखापटनम–वियजयवाड़ा–रायगढ़–टिटलागढ़–रायपुर–नागपुर होकर रवाना होगी। इसी तरह, विशाखापटनम–गांधीधाम एक्सप्रेस विशाखापटनम–वियजयवाड़ा–रायगढ़–टिटलागढ़–रायपुर–नागपुर होकर चलेगी।
इसके अलावा पुरी–ओखा एक्सप्रेस और विशाखापटनम–निजामुद्दीन तथा निजामुद्दीन–विशाखापट्नम एक्सप्रेस भी परिवर्तित मार्ग से चलेगी।

__समर स्पेशल ट्रेन__

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा ग्रीष्मकाल के दौरान ट्रेनों में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए पुरी–उधना–पुरी के बीच सत्रह फेरों के लिये द्वि–साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। यह ट्रेन पुरी से पच्चीस अप्रैल से सत्ताईस जून तक प्रत्येक सोमवार और गुरूवार को तथा उधना से छब्बीस अप्रैल से अट्ठाईस जून तक प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को चलेगी। इस ट्रेन का स्टॉपेज बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग और गोंदिया स्टेशनों में दिया गया है। इस ट्रेन में कुल सत्रह कोच की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

__मौसम__

मौसम विभाग ने आगामी चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश में एक–दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना व्यक्त की है। वहीं, एक दो स्थानों पर अंधड़ चलने और आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी दी है। मौसम विभाग के अनुसार एक द्रोणिका मराठवाड़ा से दक्षिण केरल तक स्थित है। इसके असर से प्रदेश के मौसम में बदलाव आया है।

इस बीच, बीती रात राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के कुछ स्थानों पर अंधड़ के साथ हल्की बूंदाबांदी हुई।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>